<u>छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर</u>

<u>सूचना</u>

<u>क्रमांक 19141 / दो–14–1 / 2023</u> बिलासपुर, दिनांक 26 / 11 / 2024
Adv. No. 07/2023 (Assistant Grade-III)

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में सहायक ग्रेड–3 के 157 पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमाँक–07 / 2023, दिनाँक 04 / 10 / 2023 तथा शुद्धि –पत्र क्रमांक 42 दिनांक 15 / 03 / 2024 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये गये थे।

उक्त पद की प्रथम चरण की लिखित परीक्षा छ.ग. व्यापम, रायपुर के द्वारा आयोजित किया गया था। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा उपरांत लिखित परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप वर्गवार 10 गुना अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की जॉच की गयी। जॉच पश्चात् पात्र एवं अपात्र पाये गये अभ्यर्थियों की सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट पर अपलोड की जा चुकी है।

सहायक ग्रेड–3 के पद हेतु पात्र कुल **1787 अभ्यर्थियों** की द्वितीय चरण की कौशल परीक्षा **दिनांक 07.12.2024 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर** में आयोजित की जायेगी। कौशल परीक्षा के समय संबंधी जानकारी इस उच्च न्यायालय द्वारा संबंधित परीक्षार्थी को जारी किये जाने वाले प्रवेश पत्र में उल्लेख किया जायेगा।

कौशल परीक्षा के लिये पात्र अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट में शीघ्र ही उपलब्ध करा दिया जायेगा। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं, जो अभ्यर्थी के कौशल परीक्षा के लिये अधिकृत प्रवेश पत्र होगा। कृपया ध्यान रखें कि किसी भी आवेदक को अन्य किसी भी रूप में कौशल परीक्षा हेतु सूचना / प्रवेश पत्र / बुलावा पत्र पृथक से नहीं भेजा जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा।

विस्तृत जांनकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट https:// highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

26/11/24

(बलराम प्रसाद वर्मा)
रजिस्ट्रार जनरल